साय मंत्रिमंडल की आईआईएम में आज से ट्रेनिंग

देशभर से अलग-अलग विषयों के प्रोफेशनल्स को किया गया है आमंत्रित

आईआईएम कैंपस में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरु होगा आज से

नवभारत ब्यूरो। रायपुर।

छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार के मंत्री दो दिनों तक प्रशासन का गुर सिखने के साथ ही सुशासन का पाठ पढ़ेंगे। 31 मई से 1 जून तक आईआईएम रायपुर के कैंपस में राज्य सरकार के मंत्रियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए देशभर के प्रोफेशनलों को आमंत्रित किया गया है, जो अलग-अलग विषयों पर जानकारी देंगे।

बताया गया है कि मंत्रियों के प्रशिक्षण की शुरुआत राजय के दस वर्षों के विजय प्लान से होगी। इस विषय पर नीति आयोग के सीईओ व राज्य के पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव बीवीआर सुब्रमण्यम जानकारी देंगे।

स्वास्थ्य क्षेत्र के विषय पर आईआईएम अहमदाबाद के प्रोफेसर राजेश चांदवानी अपनी बात रखेंगे। अधोसंरचना विकास विषय पर आईआईएम अहमदाबाद के प्रोफेसर अजय पांडेय व्याख्यान देंगे। इसी तरह प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग और खन क्षेत्र में सुधार को लेकर आईआईएम धनबाद के प्रोफसेर शिवशंकर राय व संजय लोहिया प्रस्तुतिकरण देंगे।

वित्त प्रबंधन से होगी ट्रेनिंग की शुरुआत

बताया गया है कि राज्य सरकार के मंत्री पहले दिन वित्त प्रबंधन का पाठ पढ़ेंगे। आईआईएम इंदौर के प्रोफेसर सिद्धार्थ के. रस्तोगी लोक वित्त व अर्थशास्त्र विषय पर जानकारी देंगे। दूसरे दिन ट्रेनिंग की शुरुआत योगाभ्यास से होगी। पीटीएस माना के एसपी आरके मिंज योग कराएंगे। इसके बाद सुशासन के ए प्रौद्योगिकी व डेटा विश्लेषण विषय पर चर्चा होगी। बीआईएसएजी गांधीनगर के निदेशक टीपी सिंह इस विषय पर मंत्रियों का ज्ञानवर्धन करेंगे। नीति आयोग के प्रोफेसर रमेश चंद कृषि क्षेत्र पर अपनी बात रखेंगे। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सीईओ अनुराग बेहार सामाजिक क्षेत्रः शिक्षा पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा संचार व मीडिया प्रबंधन पर दूरदर्शन के पूर्व अतिरिक्त महानिदेशक प्रोफेसर बृज बख्शी व और अंत में जन कल्याण से सर्वोदयः जीवन को आसान बनाने की दिशा में विषय पर आईसीसीआर के अध्यक्ष डॉ. विनय सहस्त्रबुद्ध मंत्रियों से बात करेंगे।

Navbharat, 31st May 2024, P.01 (Rajdhani)